विधान सभा सचिवालय

उत्तर प्रदेश

(पटल कार्यालय)

संख्या : 439/वि0स0/प0का0/48(प)/2022

लखनऊ, दिनांक 07 नवम्बर, 2022

अधिसूचना

प्रकीर्ण

चूंकि, जनपद-मुजफ्फरनगर, 15 खतौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से श्री विक्रम सिंह, उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे,

और, चूंकि, श्री विक्रम सिंह, सदस्य, विधान सभा, निर्वाचन क्षेत्र संख्या-15 खतौली, मुजफ्फरनगर को सत्र परीक्षण संख्या-1172/2015 मु0अ0सं0-407/2013 धारा 147, 148, 149, 307, 336, 353, 186, 504, 506 भा0द0सं0 व धारा 7 क्रिमिनल लॉ एमेन्डमेन्ट एक्ट थाना जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं0-4 विशेष न्यायाधीश, एम0पी0/एम0एल0ए0 कोर्ट, मुजफ्फरनगर द्वारा 147, 148, 336 सपठित 149, 353, 504, 506 सपठित धारा 149 भा0द0सं0 तथा धारा 7 क्रि0लॉ0 एमेन्डमेन्ट एक्ट के अन्तर्गत 02 वर्ष के कारावास व 5000/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अतएव भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या 509/Gen/2015/RCC, दिनांक 13 अक्टूबर, 2015 में उल्लिखित रिट याचिका संख्या 490 ऑफ 2005 तथा 231 ऑफ 2005 में मा0 सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 10 जुलाई, 2013 के क्रम में विन्दु-5 के अनुसार दिनांक 11 अक्टूबर, 2022 से निरर्ह माने जायेंगे;

अतः एतद्द्वारा सर्वसाधारण की सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा में श्री विक्रम सिंह का उक्त स्थान दिनांक 11 अक्टूबर, 2022 से रिक्त हो गया है।

आज्ञा से,

प्रदीप कुमार दुबे,

प्रमुख सचिव।

संख्या : 439(1-8)/वि0स0/प0का0/48(प)/2022, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :-

1-मा0 राज्यपाल के प्रमुख सचिव को मा0 राज्यपाल की सूचनार्थ,

2-उत्तर प्रदेश विधान सभा के समस्त सदस्यगण,

3-जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर,

4-मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ,

5-प्रधान महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज,

6-सरकारी सचिवालय के समस्त विभाग,

7-श्री विक्रम सिंह, ग्राम व पोस्ट कवाल, तहसील जानसठ, जनपद मुजफ्फरनगर,

8-विधान सभा सचिवालय, उत्तर प्रदेश के समस्त अधिकारीगण तथा अनुभाग।

मोहम्मद मुशाहिद,

विशेष सचिव।

संख्या : 439(1)/वि0स0/प0का0/48(प)/2022, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि सचिव, भारत निर्वाचन आयोग, अशोक रोड, नई दिल्ली (011-2305 2025) को श्री विक्रम सिंह की विधान सभा की सदस्यता निरर्हित किये जाने के फलस्वरूप हुई उक्त रिक्ति की पूर्ति हेतु आवश्यक कार्यार्थ एवं सूचनार्थ प्रेषित।

मोहम्मद मुशाहिद,

विशेष सचिव।

पी0एस0यू0पी0-ए0 152 विधान सभा (285)-09-11-2022-600 प्रतियां (कम्प्यूटर)।